## About the Book

इस किताब को अग्रवाल एग्जामकार्ट के विशेषज्ञों की टीम ने तैयार किया है। इस पुस्तक को लाने में हमारी टीम ने बहुत मेहनत की है। टीम ने पिछले वर्षों के प्रामाणिक प्रश्नपत्रों को एकत्र किया, अलग-अलग प्रश्नों को विषयवार और टॉपिकवार किया और उनके आधार पर विशेषज्ञों ने प्रश्न कोश तैयार किया तथा फिर प्रत्येक प्रश्न का विस्तृत हल प्रदान किया। इस पुस्तक के हल उन विशेषज्ञों द्वारा लिखे गए हैं जिनके पास विशाल शिक्षण अनुभव और छात्रों के चयन का सराहनीय ट्रैक रिकॉर्ड है। यही कारण है कि प्रत्येक समाधान व्यापक, सटीक और समझने में आसान है। कई बार इन प्रश्नों को समान प्रारूपों में दोहराया जाता है और इसलिए इन महत्वपूर्ण प्रश्नों को हल करने से निश्चित रूप से आपको अपनी परीक्षा की तैयारी करने और अच्छे अंक प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

### अन्य महत्वपूर्ण पुस्तकें




Buy books at great discounts on: www.examcart.in | www.amazon.in/examcart |

AGRAWAL EXAMCART
Paper Pakka Fasega!
CB1412

वस्तुनिष्ठ हिन्दी व्याकरण एवं साहित्य पुस्तक
ISBN - 978-93-5703-762-4
9 789357 037624
₹ 399

वस्तुनिष्ठ हिन्दी व्याकरण एवं साहित्य पुस्तक

AGRAWAL EXAMCART

# वस्तुनिष्ठ
# हिन्दी व्याकरण एवं साहित्य

अद्भुत वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का व्याख्यात्मक हल सहित अध्यायवार संग्रह।

(UPSC & State PCS, RO/ARO, State SSC, राज्य पुलिस, DSSSB, सभी शिक्षक भर्तियों, ग्रामीण बैंक, सभी प्रवेश परीक्षाओं एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी)



**5900+**
**बेहतरीन प्रश्नों का अभ्यास**
**कराये हर परीक्षा पास!**

### पुस्तक की मुख्य विशेषता

" वर्ष 2015 से अब तक
900+ परीक्षाओं के पेपर्स से चयनित
5900+ सबसे बेहतरीन प्रश्नों*
का अध्यायवार संग्रह "

*विशेषज्ञों द्वारा इन चयनित प्रश्नों का अभ्यास करके आप हिंदी भाषा के प्रश्नों को सरलता से हल कर पाएंगे।

AGRAWAL EXAMCART
Paper Pakka Fasega!

| Code | Price | Pages | ISBN |
|---|---|---|---|
| CB1412 | ₹ 399 | 394 | 978-93-5703-762-4 |

# विषय सूची

*पृष्ठ संख्या*


**Appendix**

⊙ **Agrawal Examcart Help Centre** — **v**

⊙ समसामयिकी (करंट अफेयर्स) — **vii**

[अगले पृष्ठ पर दिये गये Student's Corner में QR Code/Link के माध्यम से Free PDF को Download करें]

**वस्तुनिष्ठ हिन्दी व्याकरण एवं साहित्य** — **1-393**

**भाग-1 : हिन्दी भाषा एवं देवनागरी लिपि**

**1.** हिन्दी भाषा का उद्भव एवं विकास : (क) प्राचीन एवं मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषाएँ; (ख) पाली, प्राकृत एवं अपभ्रंश; (ग) हिन्दी का अर्थ एवं स्वरूप; (घ) हिन्दी भाषा का विकास; (ङ) हिन्दी की बोलियाँ; (च) देवनागरी लिपि; (छ) हिंदी भाषा का मानकीकरण; (ज) विश्व हिन्दी सम्मेलन — **1-10**

**भाग-2 : व्याकरण**

**2.** वर्ण–विचार — **11-21**

**3.** संधि — **22-30**

**4.** उपसर्ग — **31-37**

**5.** प्रत्यय — **38-44**

**6.** समास — **45-54**

**7.** वर्तनी — **55-64**

**8.** संज्ञा — **65-70**

**9.** सर्वनाम — **71-77**

**10.** विशेषण–विशेष्य — **78-89**

**11.** क्रिया : [अकर्मक–सकर्मक क्रिया; अपूर्ण–पूर्ण क्रिया; प्रेरणार्थक क्रिया; क्रिया के अन्य भेद] — **90-96**

**12.** क्रिया–विशेषण एवं अव्यय–निपात — **97-104**

**13.** व्याकरणिक कोटियाँ : (क) काल; (ख) लिंग; (ग) वचन; (घ) कारक; (ङ) वाच्य; (च) वृत्ति एवं पक्ष — **105-135**

**14.** वाक्य विचार : अंग, भेद रचना, पदक्रम एवं पदबंध — **136-146**

**15.** विराम चिह्न — **147-153**

**16.** रिक्त स्थानों की पूर्ति : (क) वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति; (ख) अनुच्छेद में रिक्त स्थानों की पूर्ति — **154-174**

**17.** क्रमबद्धता : (क) वाक्य में क्रमबद्धता; (ख) अनुच्छेद में क्रमबद्धता — **175-180**

**18.** वाक्यगत अशुद्धियाँ : (क) शब्द–भेद सम्बन्धी अशुद्धि; (ख) रेखांकित खण्ड या अंश सम्बन्धी अशुद्धि — **181-195**

**19.** शब्द–शक्ति — **196-198**

20. रस 199-203

21. छंद 204-207

22. अलंकार 208-216

**भाग-3 : शब्द विचार**

23. शब्द विचार : रूढ़–यौगिक योगरूढ़ एवं तत्सम–तद्भव, देशज–विदेशज एवं संकर शब्द 217-226

24. शब्द–युग्म : श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द (समान–सा उच्चारण किन्तु भिन्न अर्थ वाले शब्द) 227-233

25. एकार्थी एवं अनेकार्थक शब्द 234-239

26. पर्यायवाची शब्द 240-254

27. विलोम शब्द 255-266

28. समानार्थक शब्द 267-269

29. वाक्यांश के लिए एक शब्द 270-280

30. मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ 281-300

31. पारिभाषिक शब्दावली : (क) प्रशासनिक शब्दावली; (ख) पदनाम सूची 301-307

32. शब्दकोश पठन 308

**भाग-4 : रचना**

33. पत्र एवं प्रारूप लेखन 309-313

34. वृधिकरण (पल्लवन) एवं संक्षेपण 314-316

35. हिन्दी एवं अंग्रेजी अनुवाद 317-320

**भाग-5 : हिन्दी साहित्य**

36. हिन्दी साहित्य : (क) गद्य–पद्य साहित्य का इतिहास; (ख) विधाएं; (ग) प्रमुख पत्र–पत्रिकाएँ; (घ) कवि–लेखक एवं उनकी रचनाएँ; (ङ) सूक्तियाँ एवं पंक्तियाँ; (च) प्रमुख तिथि एवं वर्ष; (ज) पुरस्कार एवं सम्मान 321-375

**भाग-6 : पाठ बोधन**

37. पाठ बोधन : (क) अपठित गद्यांश; (ख) अपठित पद्यांश 376-393

# अध्याय 1

# हिन्दी भाषा का उद्भव एवं विकास

## (क) प्राचीन एवं मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषाएँ; (ख) पाली, प्राकृत एवं अपभ्रंश; (ग) हिन्दी का अर्थ एवं स्वरूप; (घ) हिन्दी भाषा का विकास; (ङ) हिन्दी की बोलियाँ; (च) देवनागरी लिपि; (छ) हिंदी भाषा का मानकीकरण; (ज) विश्व हिन्दी सम्मेलन

1. 'हिन्दुस्तानी' भाषा का रूप है?
(A) दक्खिनी हिंदी
(B) संस्कृतनिष्ठ
(C) ब्रजअवधी का मिश्रित रूप
(D) हिंदी–उर्दू मिश्रित

2. इनमें से कौन–सी बोली 'पश्चिमी हिंदी' की बोली है?
(A) कौरवी (B) कन्नौजी
(C) ब्रजभाषा (D) ये सभी

3. अपभ्रंश में कितने स्वर मौजूद थे?
(A) छः (B) सात
(C) आठ (D) इनमें से कोई नहीं

4. मागधी अपभ्रंश से सम्बन्धित भाषा इनमें से कौन–सी है?
(A) ब्रज (B) बंगला
(C) अवधी (D) बांगरू

5. पूर्वी हिन्दी के अन्तर्गत कौन–सी बोली नहीं आती है?
(A) भोजपुरी (B) अवधी
(C) छत्तीसगढ़ी (D) बघेली

6. मुल्लादाउद कृत 'लोरकहा' की भाषा इनमें से कौन–सी है?
(A) ब्रजभाषा (B) अवधी
(C) अपभ्रंश (D) राजस्थानी

7. मीराबाई के पद राजस्थानी भाषा की किस बोली में लिखे गए हैं?
(A) मालवी (B) जयपुरी
(C) मेवाती (D) मारवाड़ी

8. खड़ी बोली या कौरवी का उद्भव शौरसेनी अपभ्रंश के निम्नलिखित में किस रूप से हुआ है?
(A) उत्तरी रूप (B) दक्षिणी रूप
(C) मध्यवर्ती रूप (D) इनमें से कोई नहीं

9. 'कीर्तिलता' किस भाषा की रचना है?
(A) मगही (B) मैथिली
(C) अपभ्रंश (D) खड़ी बोली

10. अपभ्रंश भाषा का काल कौन–सा है?
(A) 1500 ई. पू. से 500 ई. पू.
(B) 500 ई. से 1000 ई.
(C) 1000 ई. से 1500 ई.
(D) 500 ई. पू. से 1 ई. पू.

11. संस्कृत किस परिवार की भाषा है?
(A) आग्नेय (B) आर्य
(C) सेमेटिक (D) द्रविड़

12. निम्नलिखित बोलियों में से किस बोली का विकास शौरसेनी अपभ्रंश से नहीं हुआ है?
(A) बघेली (B) बुन्देली
(C) कन्नौजी (D) ब्रजभाषा

13. 'सिंधी' भाषा का विकास किस अपभ्रंश से माना जाता है?
(A) ब्राचड़ अपभ्रंश (B) शौरसेनी अपभ्रंश
(C) मागधी अपभ्रंश (D) पैशाची अपभ्रंश

14. छत्तीसगढ़ी किस हिंदी की बोली है?
(A) पश्चिमी हिंदी (B) पहाड़ी
(C) राजस्थानी हिंदी (D) पूर्वी हिंदी

15. 'हाड़ौती' बोली है–
(A) पूर्वी राजस्थान की
(B) दक्षिणी राजस्थान की
(C) पश्चिमी राजस्थान की
(D) उत्तरी राजस्थान की

16. पालि भाषा का अन्य नाम क्या है?
(A) अपभ्रंश (B) प्राकृत
(C) ब्राचड़ (D) मागधी

17. मागधी अपभ्रंश से विकसित बोली कौन–सी है?
(A) मालवी (B) खड़ीबोली
(C) मगही (D) ब्रज

18. 'लहँदा' का विकास किससे हुआ है?
(A) राजस्थानी (B) पेशाची
(C) गढ़वाली (D) मागधी

19. इनमें से किसे 'पूरबी' भी कहते हैं?
(A) मैथिली (B) ब्रज
(C) भोजपुरी (D) बुंदेली

20. किस रचना के बारे में प्रसिद्ध है कि इसे पढ़ने के लिए बहुत से लोगों ने हिंदी सीखी?
(A) परीक्षागुरु (B) चंद्रकांता
(C) गोदान (D) अद्भुत लाश

21. इनमें से कौन–सी भाषा द्रविड़ भाषा नहीं है?
(A) मलयालम (B) तेलुगु
(C) तमिल (D) सौराष्ट्र

22. इनमें से कौन–सी भाषा द्रविड़ परिवार की भाषा है?
(A) उड़िया (B) बांग्ला
(C) असमिया (D) कन्नड़

23. पंजाबी भाषा का उद्भव किस अपभ्रंश से माना जाता है?
(A) पैशाची अपभ्रंश
(B) शौरसेनी अपभ्रंश
(C) अर्द्धमागधी अपभ्रंश
(D) ब्राचड़ अपभ्रंश

24. इनमें से किसे अपभ्रंश का बाल्मीकि कहा जाता है?
(A) अरिष्टनेमी (B) सरहपा
(C) स्वयंभू (D) शबरपा

25. इनमें से खड़ी बोली हिंदी के पहले कवि कौन हैं?
(A) अमीर खुसरो (B) सरहपा
(C) स्वयंभू (D) भारतेन्दु

26. इनमें से खड़ी बोली का प्रथम महाकाव्य कौन–सा है?
(A) भक्ति सागर (B) प्रियप्रवास
(C) प्रेमसागर (D) सुखसागर

27. इनमें से कौन–सी भाषा भारोपीय भाषा–परिवार की शाखा है?
(A) बुरूशस्की (B) द्रविड़
(C) आर्मीनी (D) अंडमानी

28. 'निबट्ठा इनमें से किसकी उप–बोली है?
(A) अवधी (B) बघेली
(C) छत्तीसगढ़ी (D) कौरवी

29. संत सींगा की भाषा क्या थी?
(A) पंजाबी (B) अवधी
(C) राजस्थानी (D) निमाड़ी

30. पाली भाषा के सर्वप्रथम वैयाकरण कौन हैं?
(A) पतंजलि (B) पाणिनी
(C) कच्चायन (D) हेमचन्द्र

31. 'बनाफरी' इनमें से किस बोली की उप–बोली है?
(A) कौरवी (B) बघेली
(C) ब्रज (D) इनमें से कोई नहीं

32. ब्रजभाषा का विकास किस अपभ्रंश से हुआ है?
(A) शौरसेनी (B) अर्धमागधी
(C) मागधी (D) पैशाची

33. पूर्वी हिंदी की दो बोलियों का सही युग्म इनमें से कौन–सा है?
(A) अवधी–ब्रजभाषा
(B) मगही–बघेली
(C) छत्तीसगढ़ी–गढ़वाली
(D) अवधी–छत्तीसगढ़ी

34. संविधान की आठवीं अनुसूची में निम्न में से कितनी भाषाओं का उल्लेख है?
(A) इक्कीस (B) तेईस
(C) बाईस (D) चौबीस

**35.** 'खड़ी बोली' इनमें से किस अपभ्रंश से निकली है?
(A) मागधी (B) शौरसेनी
(C) अर्धमागधी (D) ब्राचड़

**36.** इनमें से कौन–सी भाषा द्रविड़ भाषा है?
(A) बांग्ला (B) मराठी
(C) तुलु (D) ओड़िया

**37.** 'चंदायन' किस भाषा का काव्य है?
(A) राजस्थानी (B) पहाड़ी
(C) अवधी (D) मैथिली

**38.** निम्नलिखित कथनों में से कौन–सा कथन सही नहीं है?
(A) असमिया, उड़िया का विकास मागधी अपभ्रंश से नहीं हुआ है।
(B) अवधी और बघेली बोलियों का विकास पूर्वी हिंदी से हुआ है।
(C) हरियाणवी, ब्रजभाषा बोलियों का विकास बिहारी उपभाषा से नहीं हुआ है।
(D) पूर्वी हिंदी का विकास अर्धमागधी अपभ्रंश से हुआ है।

**39.** हिंदी भाषा के उद्भव का सही अनुक्रम क्या है?
(A) अपभ्रंश, प्राकृत, पालि, हिंदी
(B) हिंदी, पालि, प्राकृत, अपभ्रंश
(C) प्राकृत, हिंदी, अपभ्रंश, पालि
(D) पालि, प्राकृत, अपभ्रंश, हिंदी

**40.** 'बघेली का प्रमुख क्षेत्र कौन–सा है?
(A) मिर्जापुर (B) गोरखपुर
(C) देवरिया (D) शाहाबाद

**41.** इनमें से किस जिले में 'कन्नौजी बोली जाती है?
(A) उरई (B) झाँसी
(C) हरदोई (D) जालौन

**42.** भारत में कितने प्रकार के भाषा–परिवार पाए जाते हैं?
(A) चार (B) छह
C) पाँच (D) सात

**43.** मैथिली किस राज्य में ज्यादा बोली जाती है?
(A) पंजाब (B) बिहार
(C) छत्तीसगढ़ (D) राजस्थान

**44.** इनमें से कौन–सी भाषा द्रविड़ भाषा है?
(A) तेलुगू (B) बांग्ला
(C) ओडिया (D) मराठी

**45.** इनमें से –'ढूँढाणी' को अन्य किस नाम से जाना जाता है?
(A) मारवाड़ी (B) जयपुरी
(C) राजस्थानी (D) मेवाती

**46.** 'भाटभाषा' इनमें से किसे कहा गया है?
(A) डिंगल (B) पिंगल
(C) ब्रज (D) बुन्देली

**47.** पूर्वी हिंदी का उद्भव किस अपभ्रंश से हुआ है?
(A) पैशाची अपभ्रंश
(B) शौरसेनी अपभ्रंश
(C) अर्धमागधी अपभ्रंश
(D) नागरी अपभ्रंश

**48.** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में हिंदी भाषा के विकास के लिए निर्देश हैं?
(A) 343 (B) 344
(C) 351 (D) 348

**49.** सूरीनाम, मॉरीशस, गुयाना में बोली जाने वाली बोली कौन–सी है?
(A) राजस्थानी (B) ब्रज
(C) भोजपुरी (D) गढ़वाली

**50.** संविधान के किस अनुच्छेद में सरकार के उन कर्तव्यों एवं दायित्वों का उल्लेख किया गया है, जिनका पालन हिंदी के प्रचार–प्रसार और विकास के लिए किया जाता है।
(A) अनु. 343 (B) अनु. 344
(C) अनु. 351 (D) अनु. 350

**51.** इनमें से किस राज्य में सबसे पहले 'देवनागरी लिपि' का प्रयोग हुआ है?
(A) गुजरात (B) महाराष्ट्र
(C) राजस्थान (D) उत्तर प्रदेश

**52.** देवनागरी लिपि मूलतः क्या है?
(A) वर्णनात्मक (B) चित्रात्मक
(C) प्रतीकात्मक (D) अक्षरात्मक

**53.** यह बोली पूर्वी हिंदी वर्ग की बोली नहीं है–
(A) बुन्देली (B) अवधी
(C) छत्तीसगढ़ी (D) बघेली

**54.** इनमें से हिंदी की आदि जननी कौन है?
(A) अपभ्रंश (B) प्राकृत
(C) संस्कृत (D) पालि

**55.** वर्तमान हिंदी का प्रचलित रूप इनमें से कौन–सा है?
(A) खड़ी बोली (B) अवधी
(C) ब्रजभाषा (D) देवनागरी

**56.** अधिकतर भारतीय भाषाओं का विकास किस लिपि से हुआ?
(A) ब्राह्मी (B) खरोष्ठी लिपि
(C) कुटिल लिपि (D) शारदा लिपि

**57.** कन्नौजी बोली किस जनपद में बोली जाती है?
(A) मेरठ जनपद (B) देहरादून जनपद
(C) हरदोई जनपद (D) मथुरा जनपद

**58.** अधोलिखित में से एक भोजपुरी क्षेत्र नहीं है–
(A) देवरिया (B) मिर्जापुर
(C) इलाहाबाद (D) बलिया

**59.** फैजाबाद जनपद में बोली जाने वाली बोली है–
(A) खड़ी बोली (B) बघेली
(C) ब्रजभाषा (D) अवधी

**60.** अधोलिखित में से कौन–सी बोली उत्तर प्रदेश की नहीं है ?
(A) ब्रज (B) अवधी
(C) भोजपुरी (D) बघेली

**61.** बहराइच, सुल्तानपुर, रायबरेली किस बोली के क्षेत्र हैं ?
(A) छत्तीसगढ़ी (B) बघेली
(C) ब्रजभाषा (D) अवधी

**62.** 'आयौ' शब्द निम्नलिखित में से किस बोली का है ?
(A) भोजपुरी (B) अवधी
(C) ब्रज (D) खड़ी बोली

**63.** 'रामचरितमानस' की रचना किस भाषा में हुई है ?
(A) खड़ी बोली हिन्दी
(B) ब्रजभाषा
(C) अवधी
(D) मैथिली

**64.** खड़ी बोली हिन्दी का अन्य सही नाम है–
(A) भारती (B) कौरवी
(C) हरियाणवी (D) हिन्दी

**65.** साकेत की भाषा में.........का अत्यंत शिष्ट और प्रौढ़ रूप मिलता है।
(A) अवधी (B) ब्रज
(C) पाली (D) खड़ी बोली

**66.** निम्नलिखित में किस भाषा की लिपि देवनागरी नहीं है ?
(A) संस्कृत (B) मराठी
(C) तमिल (D) हिन्दी

**67.** निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा भारत- यूरोपीय (भारोपीय) भाषा परिवार की नहीं है?
(A) संस्कृत (B) हिन्दी
(C) तमिल (D) अंग्रेजी

**68.** निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा भारत- यूरोपीय (भारोपीय) भाषा परिवार की नहीं है?
(A) संस्कृत (B) हिन्दी
(C) तमिल (D) अंग्रेजी

**69.** **180.** 'अवधी बोली' का अन्य नाम है–
(A) कोसली (B) बनाफरी
(C) बैगानी (D) मघेसी

**70.** भारतीय संविधान में 22 भाषाओं को आधिकारिक भाषा का दर्जा दिया गया है, जिनमें यह भाषा शामिल नहीं है ?
(A) मैथिली (B) मणिपुरी
(C) बोडो (D) भोजपुरी

**71.** भारत के उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों का भाषा संबंधी निर्देश किस अनुच्छेद में दिया गया है?
(A) अनुच्छेद 344 (B) अनुच्छेद 346
(C) अनुच्छेद 348 (D) अनुच्छेद 120

**72.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 210 में निर्देशित है–
(A) संसद में प्रयुक्त होने वाली भाषा के बारे में
(B) विधान मंडल में प्रयुक्त होने वाली भाषा के बारे में
(C) राज्य की राजभाषा/राजभाषाओं के बारे में
(D) संघ की राजभाषा के बारे में

**73.** खड़ी बोली हिन्दी किस उपभाषा के अन्तर्गत आती है ?
(A) पूर्वी हिन्दी (B) बिहारी हिन्दी
(C) पहाड़ी हिन्दी (D) पश्चिमी हिन्दी

**74.** भारत में बोली जाने वाली प्रमुख भाषाओं के परिवार किस विकल्प में दिखाए गए हैं ?
(A) आर्य, द्रविड़, यूरोपीय, अरबी
(B ) रोमन, तमिल, देवनागरी, उर्दू
(C) आर्य, आर्येतर, वैदिक, संस्कृत
(D) भारोपीय, आग्नेय, द्रविड़, तिब्बत–धर्मी

**75.** हिन्दी भाषा में कितनी बोलियाँ हैं?
(A) 15 (B) 25
(C)18 (D) 22

**76.** निम्नलिखित में से किस देश में हिन्दी भाषा का प्रयोग लिखने एवं बोलने में किया जाता है?
(A) ऑस्ट्रेलिया (B) दक्षिण अमेरिका
(C) पाकिस्तान (D) मॉरीशस

**77.** निम्नलिखित में से कौन–सी व्याकरण और वर्तनी से शुद्ध भाषा कहलाती है?
(A) साहित्यिक भाषा (B) प्रांजल भाषा
(C) व्याकरणिक भाषा (D) मानक भाषा

**78.** 'सूरसागर' किस भाषा की रचना है?
(A) अवधी (B) बुन्देली
(C) ब्रज (D) छत्तीसगढ़ी

**79.** 'रामचरितमानस' की भाषा क्या है?
(A) अवधी (B) ब्रज
(C) खड़ीबोली (D) भोजपुरी

**80.** हिन्दी दिवस मनाया जाता है–
(A) 14 सितम्बर को (B) 05 सितम्बर को
(C) 02 अक्टूबर को (D) 26 जनवरी को

**81.** 'सूरदास' ने किस भाषा में 'सूरसागर' की रचना की ?
(A) अवधी (B) ब्रज
(C) खड़ीबोली (D) राजस्थानी

**82.** इनमें से एक द्रविड़ परिवार की भाषा नहीं है–
(A) एस्तोनी (B) कन्नड़
(C) बाहुई (D) तमिल

**83.** संथाली भाषा किस भाषा परिवार से सम्बन्धित है?
(A) भारोपीय परिवार
(B) द्रविण परिवार
(C) आस्ट्रिक परिवार
(D) चीनी तिब्बती परिवार

**84.** पहाड़ी हिन्दी का विकास किस अपभ्रंश में माना गया है ?
(A) व्राचड़ (B) मागधी
(C) पैशाची (D) खस

**85.** 'प्रियप्रवास' की भाषा है ?
(A) ब्रजभाषा (B) खड़ी बोली
(C) अवधी (D) बघेली

**86.** बघेली बोली का संबंध किस उपभाषा से है?
(A) पश्चिमी हिंदी (B) पूर्वी हिंदी
(C) पहाड़ी (D) बिहारी

**87.** 'हिंदी' की कितनी उपभाषाएँ हैं?
(A) दो (B) चार
(C) पाँच (D) सात

**88.** 'पद्मावत' की भाषा कौन–सी है?
(A) राजस्थानी (B) अवधी
(C) अपभ्रंश (D) ब्रजभाषा

**89.** ब्रजभाषा का क्षेत्र कौन नहीं है?
(A) धौलपुर (B) सरगुजा
(C) मथुरा (D) आगरा

**90.** बिहारी हिन्दी की बोली का नाम है–
(A) मगही (B) बघेली
(C) छत्तीसगढ़ी (D) बुंदेली

**91.** 'बिहारी सतसई'' किस भाषा का काव्य ग्रंथ है?
(A) ब्रजभाषा (B) खड़ी बोली
(C) अवधी (D) भोजपुरी

**92.** हिन्दी भाषा की बोलियों के वर्गीकरण के आधार पर छत्तीसगढ़ी बोली है।
(A) पूर्वी हिन्दी (B) पश्चिमी हिन्दी
(C) पहाड़ी हिन्दी (D) राजस्थानी हिन्दी

**93.** हिन्दी भाषा के उद्‌भव और विकास का सही क्रम चुनिए।
(A) संस्कृत, पालि, प्राकृत, अपभ्रंश, शौरसेनी, पश्चिमी हिन्दी, खड़ी बोली
(B) संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, पालि, शौरसेनी, पश्चिमी हिन्दी खड़ी बोली
(C) संस्कृत, पालि, प्राकृत, अपभ्रंश, खड़ी बोली, शौरसेनी, पश्चिमी हिन्दी
(D) पालि, प्राकृत, अपभ्रंश, संस्कृत, शौरसेनी, पश्चिमी हिन्दी, खड़ी बोली

**94.** घनानन्द की 'कृतियाँ' किस भाषा में हैं?
(A) अवधी (B) खड़ीबोली
(C) ब्रज (D) मैथिली

**95.** 'मेवाती' किस उपभाषा वर्ग की बोली है ?
(A) पूर्वी हिन्दी (B) राजस्थानी हिन्दी
(C) बिहारी हिन्दी (D) पहाड़ी हिन्दी

**96.** भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की रचना 'हिन्दी भाषा' का प्रकाशन वर्ष है ?
(A) 1865 ई. (B) 1890 ई.
(C) 1885 ई. (D) 1850 ई.

**97.** 'ब्रजभाषा' का विकास किस अपभ्रंश से हुआ ?
(A) शौरसेनी अपभ्रंश से
(B) मागधी अपभ्रंश से
(C) अर्द्ध मागधी अपभ्रंश से
(D) व्राचड़ अपभ्रंश से

**98.** 'खड़ी बोली' का एक अन्य नाम है–
(A) अन्तर्वेदी (B) प्राची
(C) कौरवी (D) हरियाणवी

**99.** लिपि के विकास का क्रमिक सोपान है–
(A) सूत्र लिपि, चित्र लिपि, प्रतीकात्मक लिपि, भावमूलक लिपि
(B) भावमूलक लिपि, सूत्र लिपि, चित्र लिपि, प्रतीकात्मक लिपि
(C) चित्र लिपि, सूत्र लिपि, प्रतीकात्मक लिपि, भावमूलक लिपि
(D) सूत्र लिपि, भावमूलक लिपि, चित्र लिपि, प्रतीकात्मक लिपि

**100.** हिन्दी के विकास के सम्बन्ध में निम्नांकित कथनों में एक असत्य है।
(A) हिन्दी के विकास संयोगात्मक भाषा के रूप में हुआ।
(B) हिन्दी का विकास लगभग 1000 ई. से माना जाता है।
(C) हिन्दी अपभ्रंश के बाद की भाषा है।
(D) हिन्दी एक वियोगात्मक भाषा है।

**101.** 'भाषा योग वशिष्ठ' का रचनाकाल है–
(A) 1730 ई. (B) 1741 ई.
(C) 17850 ई. (D) 1761 ई.

**102.** निम्नलिखित बोलियों में से कौन–सी बोली उत्तर प्रदेश में सामान्यतः नहीं बोली जाती ?
(A) मैथिली (B) अवधी
(C) ब्रज (D) खड़ी बोली

**103.** मानक हिन्दी का आधार क्या है ?
(A) खड़ी बोली (B) अपभ्रंश
(C) पूर्वी हिन्दी (D) परिनिष्ठ हिन्दी

**104.** अपभ्रंश में कृष्ण काव्य के प्रणेता हैं—
(A) पुष्पदन्त (B) शालिभद्र सूरि
(C) स्वयंभू (D) हरिभद्र सूरि

**105.** भारत में आर्यभाषा का आरंभ कब हुआ?
(A) 1600 ई. पूर्व के आसपास
(B) 1500 ई. पूर्व के आसपास
(C) 1400 ई. पूर्व के आसपास
(D) 1300 ई. पूर्व के आसपास

**106.** विकास की दृष्टि से प्राकृत की पूर्वकालीन अवस्था का नाम है—
(A) पालि (B) संस्कृत
(C) हिन्दी (D) अवहट्ठ

**107.** हिन्दी भाषा की बोलियों के वर्गीकरण के आधार पर छत्तीसगढ़ी बोली है–
(A) पूर्वी हिन्दी (B) पश्चिमी हिन्दी
(C) पहाड़ी हिन्दी (D) राजस्थानी हिन्दी

**108.** निम्नलिखित बोलियों में से कौन–सी बोली उत्तर प्रदेश में नहीं बोली जाती है ?
(A) अवधी (B) ब्रज
(C) खड़ी बोली (D) मैथिली

**109.** कौन–सी प्राचीन भाषा नहीं है ?
(A) अपभ्रंश (B) पंजाबी
(C) प्राकृत (D) संस्कृत

**110.** निम्नलिखित में से कौन–सी बोली उत्तर प्रदेश की नहीं है ?
(A) कन्नौजी (B) ब्रजभाषा
(C) खड़ीबोली (D) जयपुरी

**111.** इलाहाबाद में बोली जाने वाली बोली है–
(A) ब्रज (B) अवधी
(C) खड़ी बोली (D) भोजपुरी

**112.** **469.** हिन्दी के अतिरिक्त कौन–सी भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है?
(A) सिंधी (B) पंजाबी
(C) बांग्ला (D) नेपाली

**113.** **470.** मराठी और नेपाली भाषा किस लिपि में लिखी जाती है ?
(A) देवनागरी (B) शारदा
(C) कुटिल (D) गुरुमुखी

**114.** **471.** भाषा में अभिव्यक्ति के कितने रूप हैं ?
(A) तीन (B) दो
(C) चार (D) पाँच

**115.** महत्त्वपूर्ण कृति 'कृष्णायन' उत्तर प्रदेश की बोलियों में से किस बोली में लिखी गयी है ?
(A) खड़ी बोली में (B) अवधी बोली में
(C) ब्रज बोली में (D) बघेली बोली में

**116.** **476.** निम्न में से कौन–सी बोली पूर्वी हिन्दी के अन्तर्गत नहीं आती है?
(A) अवधी (B) बघेली
(C) छत्तीसगढ़ी (D) मगही

**117.** हिन्दी को राजभाषा के रूप में सांविधनिक मान्यता कब मिली?
(A) 26 जनवरी, 1950
(B) 14 सितम्बर, 1949
(C) 15 अगस्त, 1947
(D) 14 सितम्बर, 1955

**118.** निम्नलिखित में से कौन पश्चिमी हिन्दी की बोली नहीं है?
(A) बुंदेली (B) ब्रज
(C) कन्नौजी (D) बघेली

**119.** हिन्दी भाषा के विकास का सही अनुक्रम कौन–सा है?
(A) पालि, प्राकृत, अपभ्रंश, हिन्दी
(B) प्राकृत, अपभ्रंश, हिन्दी, पालि
(C) अपभ्रंश, पालि, प्राकृत, हिन्दी
(D) हिन्दी, पालि, अपभ्रंश, प्राकृत

**120.** देवनागरी लिपि का विकास किस लिपि से हुआ है?
(A) खरोष्ठी लिपि से (B) ब्राह्मी लिपि से
(C) फारसी लिपि से (D) रोमन लिपि से

**121.** भारत में भाषा के आधार पर सर्वप्रथम किस राज्य का गठन हुआ?
(A) पंजाब (B) जम्मू–कश्मीर
(C) आंध्र–प्रदेश (D) बिहार

**122.** इनमें से किस राज्य की मुख्य राज्यभाषा हिंदी नहीं है?
(A) हिमाचल प्रदेश (B) झारखंड
(C) असम (D) छत्तीसगढ़

**123.** भारतीय संविधान के अनुसार हिंदी के साथ–साथ अंग्रेजी का प्रयोग कितने वर्षों तक करने का सुझाव दिया गया था?
(A) 14 वर्षों तक (B) 15 वर्षों तक
(C) 20 वर्षों तक (D) हमेशा

**124.** इनमें से कौन–सी भाषा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं है?
(A) सिंधी (B) कन्नड़
(C) नेपाली (D) तुलु

**125.** केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान किस विभाग के तहत कार्यरत है?
(A) राजभाषा विभाग
(B) उच्चतर शिक्षा विभाग
(C) विधायी विभाग
(D) साहित्य अकादमी

**126.** संसदीय राजभाषा समिति की अध्यक्षता कौन करते हैं?
(A) भारत के राष्ट्रपति
(B) भारत के उपराष्ट्रपति
(C) भारत के प्रधानमंत्री
(D) भारत के गृह मंत्री

**127.** विश्व हिंदी दिवस कब मनाया जाता है?
(A) 26 जनवरी (B) 15 अगस्त
(C) 14 सितंबर (D) 10 जनवरी

**128.** गोवा की मुख्य राजभाषा कौन–सी है?
(A) कन्नड़ (B) हिंदी
(C) मराठी (D) कोंकणी

**129.** निम्नलिखित में से किस भाषा को 92वें संविधान अधिनियम, 2003 के तहत संविधान की आठवीं अनुसूची में नहीं शामिल किया गया–
(A) संथाली (B) मैथिली
(C) डोगरी (D) तमिल

**130.** पाँचवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन–कहाँ संपन्न हुआ था?
(A) नई दिल्ली
(B) पोर्ट ऑफ स्पेन (त्रिनिदाद)
(C) पोर्ट लुई (मॉरिशस)
(D) लंदन (ब्रिटेन)

**131.** छठा विश्व हिंदी सम्मेलन कहाँ संपन्न हुआ था?
(A) लंदन (ब्रिटेन)
(B) नई दिल्ली (भारत)
(C) पोर्ट ऑफ स्पेन (त्रिनिदादल)
(D) पोर्ट लुई (मॉरीशस)

**132.** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में उल्लेख मिलता है कि हिंदी का विकास करना भारत सरकार का दायित्व है?
(A) 350 (B) 344
(C) 343 (D) 351

**133.** प्रथम राजभाषा आयोग के अध्यक्ष इनमें से कौन थे?
(A) सुनीति कुमार चटर्जी
(B) पी. सुब्बोरोयान
(C) जी.बी. पन्त
(D) बी.जी. खेर

**134.** पहला विश्व हिंदी सम्मेलन किस वर्ष संपन्न हुआ था?
(A) 1976 (B) 1993
(C) 1975 (D) 1983

**135.** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों की कार्यवाहियों में प्रयुक्त भाषा के सम्बन्ध में उल्लेख है?
(A) 344 (B) 351
(C) 343 (D) 348

**136.** वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग भारत सरकार के किस मंत्रालय के तहत है?
(A) गृह मंत्रालय
(B) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय
(C) शिक्षा मंत्रालय
(D) विधि मंत्रालय

**137.** भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में कितनी भाषाएँ शामिल हैं?
(A) 26 (B) 22
(C) 15 (D) 24

**138.** संसदीय राजभाषा समिति की सिफारिशों पर आदेश कौन देते हैं?
(A) भारत के उप राष्ट्रपति
(B) भारत के राष्ट्रपति
(C) भारत के प्रधानमंत्री
(D) भारत के गृहमंत्री

**139.** चौथा विश्व हिंदी सम्मेलन किस वर्ष संपन्न हुआ था?
(A) 1993 (B) 1996
(C) 1999 (D) 2003

**140.** केंद्र सरकारी कर्मचारियों के हिंदी प्रशिक्षण हेतु संचालित होने वाले पाठ्यक्रमों में इनमें से कौन–सा शामिल नहीं है?
(A) प्रबोध (B) प्रवीण
(C) पारंगत (D) निष्णात

**141.** विश्व हिंदी सचिवालय का मुख्यालय कहाँ है?
(A) ब्रिटेन में (B) मॉरिशस में
(C) भारत में (D) अमेरिका में

**142.** दूसरा विश्व हिंदी सम्मेलन कहाँ संपन्न हुआ था?
(A) पोर्ट लुई (मॉरिशस)
(B) नई दिल्ली
(C) पोर्ट ऑफ स्पेन
(D) लंदन (ब्रिटेन)

**143.** दूसरा विश्व हिंदी सम्मेलन किस वर्ष संपन्न हुआ था?
(A) 1983 (B) 1993
(C) 1976 (D) 1975

**144.** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के तहत कौन–सा विभाग है?
(A) साहित्य अकादमी
(B) विधायी विभाग
(C) उच्चतर शिक्षा विभाग
(D) राजभाषा विभाग

**145.** राष्ट्रीय अनुवाद मिशन कहाँ पर स्थित है?
(A) नई दिल्ली (B) कोलकाता
(C) वाराणसी (D) मैसूर

**146.** भारत के प्रधानमंत्री किस समिति की अध्यक्षता करते हैं?
(A) संसदीय राजभाषा समिति
(B) नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, नई दिल्ली
(C) केंद्रीय हिंदी समिति
(D) विश्व हिंदी समिति

**147.** केंद्रीय हिंदी निदेशालय का मुख्यालय कहाँ है?
(A) हैदराबाद (B) नई दिल्ली
(C) आगरा (D) गुवाहाटी

**148.** राजभाषा प्रगामी प्रयोग की समीक्षार्थ गठित संसदीय राजभाषा समिति की अध्यक्षता कौन करते हैं?
(A) भारत के गृह मंत्री
(B) भारत के राष्ट्रपति
(C) भारत के उप राष्ट्रपति
(D) भारत के प्रधानमंत्री

**149.** केंद्र सरकारी कर्मचारियों के हिंदी प्रशिक्षण हेतु गठित केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान किस विभाग के तहत कार्यरत है?
(A) विधायी विभाग
(B) राजभाषा विभाग
(C) साहित्य अकादमी
(D) उच्चतर शिक्षा विभाग

**150.** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में उल्लेख मिलता है कि संविधान के लागू होने के पंद्रह वर्ष तक अंग्रेजी का प्रयोग जारी रहेगा?
(A) 350 (B) 344
(C) 343 (D) 351

**151.** भारत में 'हिंदी' किस वर्ग के अंतर्गत शामिल है?
(A) राजभाषा (B) राष्ट्रभाषा
(C) काव्यभाषा (D) तकनीकी भाषा

**152.** ग्यारहवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन किस वर्ष संपन्न हुआ था?
(A) 2018 (B) 2012
(C) 2019 (D) 2015

**153.** गारो किस राज्य में बोली जाती है?
(A) मणिपुर (B) त्रिपुरा
(C) सिक्किम (D) मेघालय

**154.** राजभाषा सम्बन्धी प्रावधानों का उल्लेख भारतीय संविधान के किन अनुच्छेदों में है?
(A) 443-135 (B) 34-315
(C) 343-351 (D) 334-153

**155.** "हाड़ौती" बोली कहाँ बोली जाती है?
(A) राजस्थान (B) हरियाणा
(C) मध्य प्रदेश (D) उत्तर प्रदेश

**156.** हिन्दी भारत की कौन–सी भाषा है?
(A) राज्यभाषा (B) ब्रजभाषा
(C) राष्ट्रभाषा (D) सम्पर्क भाषा

**157.** 'मथुरा, आगरा, धौलपुर, ग्वालियर आदि' क्षेत्र में निम्नलिखित में से कौन–सी बोली, बोली जाती है?
(A) खड़ी बोली (B) अवधी
(C) बांगरू (D) ब्रजभाषा

**158.** 'राँघड़ी बोली' कहाँ बोली जाती है?
(A) केरल (B) हरियाणा
(C) मध्य प्रदेश (D) उत्तर प्रदेश

**159.** इनमें से कौन–सी बोली मध्य प्रदेश की प्रमुख बोलियों में से नहीं है?
(A) मालवी (B) बाँगरू
(C) निमाड़ी (D) बुन्देली

**160.** रोमन लिपि का प्रयोग किस भाषा के लिए नहीं होता है?
(A) कुल्लुई (B) फ्रेंच
(C) जर्मन (D) स्पेनिश

**161.** "कन्नौजी बोली" मुख्य रूप से निम्न में से कौन–से जिले में बोली जाती है?
(A) कानपुर (B) इलाहाबाद
(C) फर्रुखाबाद (D) मुरादाबाद

**162.** भाषा के क्षेत्रीय रूप को क्या कहा जाता है?
(A) राज्य भाषा (B) साहित्य
(C) राष्ट्रभाषा (D) बोली

**163.** "बाँगरु" भाषा ज्यादातर कौन–से राज्य में बोली जाती है?
(A) हरियाणा (B) कर्नाटक
(C) तमिलनाडु (D) बिहार

**164.** हिन्दी का मानक रूप किस भाषा से विकसित हुआ है?
(A) मालवी (B) ब्रज
(C) खड़ी बोली (D) अवधी

**165.** जनगणना, 2001 के हिसाब से भारत में निम्नलिखित भाषाओं में से सबसे अधिक कौन–सी भाषा बोली जाती है?
(A) गुजराती (B) मराठी
(C) बंगाली (D) तमिल

**166.** ग्यारहवां विश्व हिन्दी सम्मेलन कहाँ सम्पन्न हुआ था?
(A) न्यूयार्क (संयुक्त राज्य अमेरिका)
(B) मैसूर (कर्नाटक)
(C) पोर्ट लुईस (मॉरीशस)
(D) ओटावा (कनाडा)

**167.** बारहवां विश्व हिन्दी सम्मेलन कहाँ और किस वर्ष सम्पन्न हुआ था?
(A) न्यूयार्क (संयुक्त राज्य अमेरिका)
(B) काठमांडू (नेपाल) 2020
(C) पोर्ट लुईस (मॉरीशस) 2018
(D) नाडी (फिजी) 2023

# व्याख्यात्मक हल

**1.** (D) हिन्दुस्तानी भाषा हिन्दी और उर्दू के मिश्रित रूप को कहा जाता है।

**2.** (D) 'पश्चिमी हिंदी' की पाँच बोली हैं—खड़ी बोली या कौरवी, हरियाणवी या बाँगरू, ब्रज, बुंदेली और कन्नौजी है। अतः विकल्प (D) ये सभी सही हैं।

**3.** (C) अपभ्रंश में 8 स्वर थे। अतः विकल्प (C) सही है।

**4.** (B) मागधी या मगही भारत की एक भाषा है। मगही शब्द का विकास मागधी से हुआ है (मागधी $\rightarrow$ मागही $\rightarrow$ मगही) मगही का मैथिली और भोजपुरी भाषाओं से गहरा सम्बन्ध है। मगही बिहार, झारखण्ड के अधिकांश भागों तथा प.बंगाल के मालदा की भाषा रही है अतः 'बंगला' सही विकल्प है। ब्रज और बांगरू पश्चिमी हिन्दी से सम्बन्धित हैं।

**5.** (A) भोजपुरी बोली मागधी (मगही) की बोली है, जबकि अवधी, छत्तीसगढ़ी तथा बघेली पूर्वी हिन्दी के अन्तर्गत आती हैं।

**6.** (B) मुल्लादाउद को प्रथम सूफी सन्त माना जाता है। इनकी प्रमुख रचना 'चंदायन' और 'लोरकहा' ठेठ अवधी भाषा में रची गयी हैं।

**7.** (D) मीराबाई के पद राजस्थानी भाषा के मारवाड़ी में लिखे गये हैं।

**8.** (A) खड़ी बोली को कौरवी के नाम से भी जाना जाता है इसका विकास शौर सैनी अपभ्रंश के उत्तरी रूप से हुआ है। अतः विकल्प (A) सही है।

**9.** (C) 'कीर्तिलता' विद्यापति की प्रसिद्ध रचना है। विद्यापति द्वारा रचित कीर्तिलता और कीर्ति पताका अपभ्रंश की रचनाएँ हैं। इन्होंने अवधी और ब्रजभाषा में भी रचनाएँ की हैं।

**10.** (B) अपभ्रंश भाषा प्राकृत के विकृत होने से उदित हुई इसका कालखण्ड 500 ई. से 1000 ई. तक माना जाता है। पूर्व आदिकाल में अपभ्रंश की अनेक रचनाएँ प्राप्त हैं।

**11.** (B) संस्कृत एक हिन्द–आर्य भाषा हैं जो हिन्दी–यूरोपीय भाषा परिवार की एक शाखा है। हिन्दी, बांग्ला, मराठी, सिन्धी, पंजाबी, नेपाली आदि इसी से उत्पन्न हुई हैं।

**12.** (A) शौरसैनी अपभ्रंश से बुन्देली, कन्नौजी, ब्रजभाषा, खड़ी बोली, आदि बोलियाँ हैं जबकि बघेली पूर्वी हिन्दी से विकसित है।

**13.** (A) सिन्धी भाषा का विकास ब्राचड़ अपभ्रंश से हुआ है।

**14.** (D) छत्तीसगढ़ी बोली का विकास पूर्वी हिंदी से हुआ है।

**15.** (A) 'हाड़ौती' पूर्वी राजस्थान की बोली है। यह बोली राजस्थान के कोटा, बूँदी तथा आसपास के क्षेत्र में बोली जाती है।

**16.** (D) पालि भाषा का अन्य नाम मागधी है। संस्कृत से हिन्दी तक भाषाओं का क्रम इस प्रकार है—

संस्कृत $\rightarrow$ पाली $\rightarrow$ प्राकृत $\rightarrow$ अपभ्रंश $\rightarrow$ हिन्दी।

**17.** (C) मागधी अपभ्रंश से मगही, भोजपुरी, बघेली आदि बोलियों का विकास हुआ है। अतः विकल्प (C) सही है।

**18.** (B) लहँदा का विकास पेशाची से हुआ है। अतः विकल्प (B) सही है।

**19.** (C) भोजपुरी हिन्दी की बोली है, इस पूरबी या पुरबिया भी कहा जाता है, जबकि ब्रज और बुन्देली पश्चिमी हिन्दी से विकसित हैं।

**20.** (B) 'चंद्रकांता' देवकी नन्दन खत्री द्वारा रचित एक लोकप्रिय तिलस्मी उपन्यास है, जिसके बारे में कहा जाता है कि इसे पढ़ने के लिए बहुत से लोगों ने हिंदी सीखी। इस पर आधारित एक टी.वी. सीरियल (चन्द्रकांता) भी बना है।

**21.** (D) मलयालम, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ आदि भाषाएँ द्रविण परिवार की भाषाएँ हैं, जबकि सौराष्ट्र द्रविड़ परिवार की भाषा नहीं है। यह गुजराती भाषा की एक बोली है।

**22.** (D) दिये गये विकल्पों में कन्नड़, द्रविड़ परिवार की भाषा है।

**23.** (A) पंजाबी भाषा का उद्‌भव पैशाची अपभ्रंश से माना जाता है। अतः विकल्प (A) सही है।

**24.** (C) स्वयंभू' को अपभ्रंश का बाल्मीकि कहा जाता है। इनके पिता का नाम मारुत देव और माता का नाम पद्मिनी था।

**25.** (A) खड़ी बोली हिंदी के पहले कवि हैं—अमीर खुसरो। वे पहेलियों एवं मुकरियों के लिए जाने जाते थे।

**26.** (B) प्रियप्रवास अयोध्या सिंह उपाध्याय हरिऔध द्वारा रचित खड़ी बोली का प्रथम महाकाव्य है। इनकी अन्य रचनाएँ हैं—पद्य प्रसून, चुभते चौपदे, रस कलश आदि।

**27.** (C) आर्मीनी' भाषा भारोपीय भाषा–परिवार की शाखा है। यह भाषा मेसोपोटैमिया तथा काकेशस पर्वत की मध्यवर्ती घाटियों और काले सागर के दक्षिण–पूर्वी प्रदेश में बोली जाती है।

**28.** (B) 'निबट्‌ठा' बघेली की उप–बोली है।

**29.** (D) संत सींगा की भाषा निमाड़ी थी क्योंकि संत सींगा जी मध्य–प्रदेश के निमाड़ के एक प्रसिद्ध संत थे, उन्हें पशु रक्षक देव के रूप में पूजा जाता है।

**30.** (C) कच्चायन पाली भाषा के सर्वप्रथम वैयाकरण थे। वह बुद्ध भगवान के दस शिष्यों में से एक परम ऋद्धि मान शिष्य थे।

**31.** (D) 'बनाफरी' बुन्देली की उप–बोली है। अतः विकल्प (D) सही है।

**32.** (A) ब्रजभाषा का विकास शौरसेनी अपभ्रंश से हुआ है। अतः विकल्प (A) सही है।

**33.** (D) पूर्वी हिंदी के अन्तर्गत 'अवधी और छत्तीसगढ़ी' बोलियाँ आती हैं। पूर्वी हिंदी का विकास अर्द्धमागधी अपभ्रंश से हुआ है।

**34.** (C) भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची भारत की भाषाओं से सम्बन्धित है। इस अनुसूची में 22 भारतीय भाषाओं को शामिल किया गया है।
(i) कश्मीरी भाषा (ii) सिंधी भाषा (iii) हिंदी भाषा (iv) बंगाली भाषा (v) पंजाबी भाषा (vi) असमिया भाषा (vii) ओड़िया भाषा (viii) गुजराती भाषा (ix) मराठी भाषा (x) तेलुगू भाषा (xi) कन्नड़ भाषा (xii) तमिल भाषा (xiii) उर्दू भाषा (xiv) मलयालम भाषा (xv) संस्कृत भाषा (xvi) नेपाली भाषा (xvii) मणिपुरी भाषा (xviii) कोंकणी भाषा (xix) संथाली भाषा (xx) डोंगरी भाषा (xxi) मैथिली भाषा (xxii) बोडो भाषा।

**35.** (B) खड़ी बोली पश्चिमी हिंदी उपभाषा के अन्तर्गत आती है। खड़ी बोली शौरसेनी अपभ्रंश से निकली है। पश्चिमी हिंदी के अन्तर्गत खड़ी बोली के अतिरिक्त ब्रजभाषा, हरियाणवी, बुंदेली तथा कन्नौजी बोलियाँ आती हैं।

**36.** (C) विकल्प (C) में दी गई भाषा 'तुलु' एक द्रविड़ भाषा है। यह कर्नाटक राज्य के पश्चिमी किनारे में स्थित दक्षिणी कन्नड़ और उडुपि जिलों में तथा उत्तरी केरल के कुछ भागों की प्रचलित भाषा है। पहले ब्राह्मण वैदिक और संस्कृत साहित्य लिखने के लिए तिगलारि नामक लिपि का उपयोग करते थे। अब तुलु लिखने के लिए कन्नड़ लिपि का प्रयोग किया जाता है। दक्षिण कन्नड़ तथा उडुपि जिलों के अधिकांश लोगों की मातृभाषा तुलु है।

**37.** (C) 'चंदायन' मुल्ला दाऊद द्वारा अवधी भाषा में लिखा गया एक सूफी प्रेम काव्य है। इसमें नायक 'लोर' तथा नायिका चंदा की प्रेमकथा वर्णित है।

**38.** (A) विकल्प (A) में दिया गया कथन कि असमिया, उड़िया का विकास मागधी,

अपभ्रंश से नहीं हुआ है यह कथन गलत है। क्योंकि असमिया, उड़िया, बिहारी तथा बांग्ला भाषा का विकास मागधी अपभ्रंश से हुआ है।

**39.** (D) हिंदी भाषा के उद्‌भव का सही अनुक्रम विकल्प है—पालि, प्राकृत, अपभ्रंश, हिंदी। पहली प्राकृत को पालि भाषा कहा जाता है। जिसका समय 500 ई.पू. से 1 ई. तक, दूसरी प्राकृत जिसका समय 1 ई. से 500 ई. तक, तीसरी अपभ्रंश जिसका समय 500 ई. से 1000 ई. तक, चौथी हिंदी जिसका समय 1000 ई. से अब तक है।

**40.** (A) बघेली बोली का प्रमुख क्षेत्र 'मिर्जापुर' है। बघेली बोली पूर्वी हिंदी के अन्तर्गत आती है।

**41.** (C) 'हरदोई जिले में कन्नौजी बोली' बोली जाती है। हरदोई के अतिरिक्त इटावा, शाहजहाँपुर, कानपुर, पीलीभीत आदि जिलों में भी कन्नौजी बोली, बोली जाती है।

**42.** (C) भारत में 'पाँच' प्रकार के भाषा परिवार पाये जाते हैं।
(1) आर्य भाषा परिवार
(2) द्रविड़ भाषा परिवार
(3) आस्ट्रोएशियाटिक भाषा परिवार
(4) चीनी–तिब्बती भाषा परिवार
(5) अंडमानी भाषा परिवार

**43.** (B) 'मैथिली' बोली बिहार राज्य में ज्यादा बोली जाती है। मैथिली बोली का विकास 'मागधी अपभ्रंश' से हुआ है।

**44.** (A) विकल्प (A) में दी गई भाषा 'तेलुगू' द्रविड़ भाषा है। अतः विकल्प (A) सही है।

**45.** (B) 'ढूँढाणी' बोली को जयपुरी नाम से भी जाना जाता है। राजस्थान के पूर्वी भाग जयपुर, अजमेर, किशनगढ़ आदि में यह बोली, बोली जाती है। इसका केन्द्र जयपुर है।

**46.** (A) 'डिंगल' भाषा को भाटभाषा कहा गया है। राजस्थान के चारण कवियों ने अपने गीतों के लिए जिस साहित्यिक शैली का प्रयोग किया है, उसे डिंगल कहा जाता है।

**47.** (C) पूर्वी हिंदी का उद्‌भव अर्धमागधी अपभ्रंश से हुआ है। पूर्वी हिंदी उपभाषा के अन्तर्गत अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी बोलियाँ आती हैं।

**48.** (C) भारतीय संविधान के अनुच्छेद '351' में हिंदी भाषा के विकास के लिए निर्देश हैं।

**49.** (C) 'सूरीनाम, मॉरीशस, गुयाना में भोजपुरी बोली, बोली जाती है। अतः विकल्प (C) सही है।

**50.** (C) अनुच्छेद 351–संघ का यह कर्तव्य होगा कि वह हिंदी भाषा का प्रसार करें। अतः विकल्प (C) सही है।

**51.** (A) गुजरात राज्य में सबसे पहले देवनागरी लिपि का प्रयोग किया गया था। अतः विकल्प (A) सही है।

**52.** (D) देवनागरी लिपि मूलतः 'अक्षरात्मक लिपि' है। यह एक भारतीय लिपि है जिसमें अनेक भारतीय तथा विदेशी भाषाएँ लिखी जाती हैं।

**53.** (C) विकल्प (A) में दी गई बोली 'बुन्देली' पूर्वी हिंदी वर्ग के अन्तर्गत नहीं बल्कि पश्चिमी हिंदी के अन्तर्गत आती है। पश्चिमी हिंदी का विकास शौरसेनी अपभ्रंश से हुआ है।

**54.** (C) हिंदी की आदि जननी संस्कृत को माना जाता है। संस्कृत, पाली, प्राकृत से होती हुई अपभ्रंश तक पहुँचती है।

**55.** (A) वर्तमान हिंदी का प्रचलित रूप 'खड़ी बोली' है। भाषा विज्ञान की दृष्टि से इसे आदर्श हिंदी, उर्दू, तथा हिन्दुस्तानी की आधार स्वरूप बोली होने का गौरव प्राप्त है।

**56.** (A) अधिकतर भारतीय भाषाओं का विकास ब्राह्मी लिपि से हुआ है। अतः विकल्प (A) सही है।

**57.** (C) कन्नौजी बोली हरदोई जिले में बोली जाती है तथा मेरठ में खड़ी बोली बोली जाती है।

**58.** (C) दिये गये विकल्पों में देवरिया, मिर्जापुर और बलिया भोजपुरी क्षेत्र के अन्तर्गत आते हैं, जबकि इलाहाबाद अवधी बोली का क्षेत्र है।

**59.** (D) फैजाबाद जिले में बोली जाने वाली बोली अवधी है।

**60.** (D) दिये गये विकल्पों में ब्रज, अवधी और भोजपुरी उत्तर प्रदेश की बोली है, जबकि बघेली मध्य प्रदेश की बोली है।

**61.** (D) बहराइच, सुल्तानपुर, रायबरेली क्षेत्र अवधी बोली के क्षेत्र हैं।

**62.** (C) आयौ, गयौ, करयौ आदि ब्रज बोली के शब्द हैं।

**63.** (C) 'रामचरितमानस' की रचना अवधी भाषा में हुई है। यह भाषा प्राकृत से शौरसेनी में अपभ्रंश हुई तथा आधुनिक हिन्दी की ओर बढ़ी जो खड़ी बोली का पूर्वरूप थी। रामचरितमानस के वर्तमान संस्करणों में कर्तवाचक उकार शब्दों की बहुलता भी थी।

**64.** (B) खड़ी बोली हिन्दी पश्चिमी हिन्दी उपभाषा वर्ग की बोली है। इसका अन्य नाम कौरवी है। यह दिल्ली, मेरठ, सहारनपुर, देहरादून आदि क्षेत्रों में बोली जाती है।

**65.** (D) 'साकेत' मैथिलीशरण गुप्त द्वारा खड़ी बोली में रचित महाकाव्य है। महात्मा गाँधी ने इन्हें राष्ट्रकवि की उपाधि दी थी।

**66.** (C) तमिल भाषा की लिपि देवनागरी नहीं है।

**67.** (C) भारत-यूरोपीय (भारोपीय) भाषा परिवार के अंतर्गत संस्कृत, हिन्दी व अंग्रेजी आती हैं। परंतु तमिल इसके अंतर्गत नहीं आती है। भारत-यूरोपीय भाषा परिवार के अंतर्गत अनेक भाषा शामिल हैं।

**68.** (C) भारत-यूरोपीय (भारोपीय) भाषा परिवार के अंतर्गत संस्कृत, हिन्दी व अंग्रेजी आती हैं। परंतु तमिल इसके अंतर्गत नहीं आती है। भारत-यूरोपीय भाषा परिवार के अंतर्गत अनेक भाषा शामिल हैं।

**69.** (A) अवधी बोली का अन्य नाम 'कोसली' भी है। यह लखनऊ, फतेहपुर, मिर्जापुर, फैजाबाद, प्रतापगढ़, सीतापुर, रायबरेली तथा बाराबंकी इत्यादि क्षेत्रों में बोली जाती है। अतः विकल्प (A) सही है।

**70.** (D) भारतीय संविधान में 22 भाषाओं को आधिकारिक भाषा का दर्जा दिया गया किन्तु उनमें 'भोजपुरी' बोली शामिल नहीं है। अतः विकल्प (D) सही है।

**71.** (C) भारत के उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों के भाषा संबंधी निर्देश 'अनुच्छेद 348' में दिए गये हैं। अतः विकल्प (C) सही है।

**72.** (B) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 210 में विधान मंडल में प्रयुक्त होने वाली भाषा के बारे में निर्देश हैं। अतः विकल्प (B) सही है।

**73.** (D) खड़ी बोली, पश्चिमी हिन्दी के अन्तर्गत आती है।

**74.** (D) भारत में भारोपीय, आग्नेय, द्रविड़ व तिब्बत–वर्मी भाषा परिवार की भाषाएँ बोली जाती हैं।

**75.** (C) हिन्दी भाषा में 18 बोलियाँ और 5 उपभाषाएँ हैं।

**76.** (D) 'मॉरीशस' में हिन्दी भाषा का प्रयोग लिखने एवं बोलने में किया जाता है।
मॉरीशस के अतिरिक्त फीजी, सूरीनाम, त्रिनिदाद, म्यांमार आदि देशों में हिन्दी की अनेक पत्र–पत्रिकाएँ प्रकाशित हो रही हैं।

**77.** (D) मानक भाषा व्याकरण और वर्तनी से शुद्ध भाषा कहलाती है। मानक भाषा का अभिप्राय आदर्श, श्रेष्ठ अथवा परिनिष्ठित भाषा से है।

**78.** (C) सूरदास कृत सूरसागर की रचना ब्रज भाषा में की गई है।

**79.** (A) 'रामचरितमानस' हिन्दी का सर्वाधिक लोकप्रिय ग्रन्थ है यह श्रीराम के सम्पूर्ण जीवन चरित्र पर आधारित है। इसको सन् 1574 ई. में गोस्वामी तुलसीदास जी ने अवध ी भाषा में लिखा था।

**80.** (A) भारतीय संविधान में हिन्दी को 14 सितम्बर, 1949 में मान्यता मिली। इसी 14 सितम्बर से हिन्दी दिवस मनाना आरम्भ हुआ।

**81.** (B) सूरदास ने 'ब्रजभाषा' में 'सूरसागर' की रचना की थी।

**82.** (A) एस्तोनी द्रविड़ परिवार की भाषा नहीं है। द्रविड़ परिवार में तमिल तेलुगू, कन्नड़, मलयालम भाषा आती हैं। उत्तर और पूर्व भारत की ब्राहुई, गोंडी तथा कुडुख भी द्रविड़ परिवार से सम्बन्धित हैं।

**83.** (C) संथाली 'आष्टिक भाषा' परिवार से सम्बन्धित है। यह असम, झारखण्ड, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, बिहार, त्रिपुरा तथा बंगाल में बोली जाती है।

**84.** (D) पहाड़ी हिंदी का विकास 'खस' अपभ्रंश से माना गया है।

**85.** (B) 'प्रियप्रवास' आयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' द्वारा खड़ी बोली में लिखा गया प्रथम महाकाव्य है। कवि रूप में सर्वाधिक प्रसिद्धि इनको प्रियप्रवास से ही प्राप्त हुई थी।

**86.** (B) बघेली बोली का संबंध 'पूर्वी हिन्दी' से है। पूर्वी हिन्दी का विकास अर्धमागधी अपभ्रंश से हुआ है।

**87.** (C) हिन्दी की पाँच उपभाषाएँ हैं– (1) पश्चिमी हिन्दी (2) पूर्वी हिन्दी (3)राजस्थानी (4) पहाड़ी (5) बिहारी

**88.** (B) 'पद्मावत मलिक' मलिक मुहम्मद जायसी द्वारा अवधी भाषा में लिखा गया एक प्रसिद्ध महाकाव्य है। इसकी रचना दोहों व छन्दों में की गयी है।

**89.** (B) शौरसेनी प्राकृत से उत्पन्न सभी बोलियों में ब्रजभाषा उसकी मुख्य उत्तराधिकारिण ी है। शूरसेन का ही दूसरा नाम ब्रजमण डल है। ब्रजभाषा की अनेक बोलियाँ हैं; जैसे– नैनीताल की मुक्सा, एटा, मैनपुरी बदायूँ और बरेली की अन्तर्वेदी, ग्वालियारी, धौलपुर और पूर्वी जयपुर की डांगी, गुड़गाँव और भरतपुर की मिश्रित बोली एवं करौली की जाटोवादी है, किन्तु विशुद्ध ब्रजभाषा मथुरा, अलीगढ़ और आगरा जिलों में बोली जाती है।

**90.** (A) बिहारी हिन्दी की बोली का नाम मगही है। मगही मागधी या मगध की भाषा का आधुनिक नाम है। इसके क्षेत्र में पटना, गया और हजारीबाग आता है। मगही में ललित साहित्य का अभाव है। संत कवियों में बाबा मोहनदास और हेमनाथ मगही के प्रसिद्ध कवि हैं।

**91.** (A) बिहारी लाल की एकमात्र रचना 'बिहारी सतसई' (1662) दोहा छंद में रचित है। इसकी भाषा परिनिष्ठित साहित्यिक ब्रजभाषा है। बिहारी सतसई में समस्त दोहों की संख्या 719 मानी गयी है। डॉ. जॉर्ज ग्रियर्सन के अनुसार, ''यूरोप में 'बिहारी सतसई' के समकक्ष कोई रचना नहीं है।

**92.** (A) छत्तीसगढ़ी बोली पूर्वी हिन्दी के अन्तर्गत आती है। 'पश्चिमी हिन्दी' की बोलियाँ—ब्रज भाषा, खड़ी बोली, कन्नौजी, 'पहाड़ी हिन्दी'—गढ़वाली, नेपाली, 'राजस्थानी' हिन्दी मारवाड़ी, जयपुरी, मेवाती प्रमुख बोलियाँ हैं।

**93.** (A) हिन्दी भाषा के उद्भव और विकास का सही क्रम संस्कृत–पालि–प्राकृत–अपभ्रंश–शौर सेनी–पश्चिमी हिन्दी तथा खड़ी बोली है।

**94.** (C) 'घनानन्द' द्वारा रचित कृतियाँ ब्रजभाषा में हैं। घनानन्द के प्रमुख ग्रन्थ हैं। सुजान सागर, विरहलीला, कोकसार, रसकेलि वल्ली और पाकाण्ड आदि।

**95.** (B) राजस्थानी हिन्दी के अन्तर्गत मारवाड़ी जयपुरी, मेवाती एवं मालवी बोलियाँ आती हैं। पूर्वी हिन्दी के अन्तर्गत—अवधी, बघेली, छ>ढ़ी। **बिहारी हिन्दी** के अन्तर्गत भोजपुरी, मैथिली एवं मगधी तथा पहाड़ी हिन्दी के अन्तर्गत पश्चिमी पहाड़ी एवं मध्यवर्ती पहाड़ी बोलियाँ आती हैं।

**96.** (B) भारतेन्दु जी की रचना 'हिन्दी भाषा' का प्रकाशन 1890 ई. में हुआ था।

**97.** (A) 'ब्रजभाषा' का विकास शौरसेनी अपभ्रंश से हुआ है। ब्रजभाषा पश्चिमी हिन्दी उपभाषा के अन्तर्गत आती है। खड़ी बोली या कौरवी, ब्रजभाषा, हरियाणी, बुन्देली तथा कन्नौजी पश्चिमी हिन्दी उपभाषा के अन्तर्गत आने वाली बोलियाँ हैं।

**98.** (C) 'खड़ी बोली' का अन्य नाम 'कौरवी' भी है खड़ी बोली पश्चिमी–हिन्दी के अन्तर्गत आती है। पश्चिमी हिन्दी का विकास शौरसेनी अपभ्रंश से हुआ है।

**99.** (C) लिपि के विकास का क्रमिक सोपान चित्र लिपि, सूत्र लिपि, प्रतीकात्मक लिपि, भावमूलक लिपि होता है।

**100.** (A) हिन्दी का विकास संयोगात्मक भाषा के रूप में हुआ। यह कथन हिन्दी के विकास के सम्बन्ध में असत्य है।

**101.** (B) 'भाषा योग वशिष्ठ' की रचना 1741 ई. में रामप्रसाद निरंजनी ने की थी।

**102.** (A) मागधी अपभ्रंश के मध्यवर्ती रूप से विकसित यह बोली हिंदी और बांग्ला क्षेत्र की सन्धि पर मिथिला में बोली जाती है, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया तथा मुंगेर आदि में इसका क्षेत्र है। लोक–साहित्य की दृष्टि से मैथिली बहुत सम्पन्न है, साथ ही इसमें साहित्य रचना अत्यन्त प्राचीन काल से होती चली आई है। हिंदी साहित्य को विद्यापति जैसे रससिद्ध कवि देने का श्रेय मैथिली को ही है। इसके अतिरिक्त गोविन्ददास, रणजीतलाल, हरिमोहन झा आदि भी इनके अच्छे साहित्यकार हैं।

**103.** (A) 'खड़ी बोली' शब्द का प्रयोग दो अर्थों में होता है– एक तो साहित्यिक हिंदी खड़ी बोली के अर्थ में और दूसरे दिल्ली–मेरठ के आसपास की लोक बोली के अर्थ में। इसी अर्थ में 'कौरवी' का भी कुछ लोग प्रयोग करते हैं। खड़ी बोली या कौरवी का उद्भव शौरसेनी अपभ्रंश के उत्तरी रूप से हुआ है तथा इसका क्षेत्र देहरादून का मैदानी भाग, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, दिल्ली का कुछ भाग, बिजनौर, रामपुर तथा मुरादाबाद है।

**104.** (A) अपभ्रंश में कृष्ण काव्य का प्रणेता पुष्पदन्त को माना जाता है। पुष्पदन्त का समय 10वीं शती है। इनकी प्रमुख रचनाएँ हैं– 1. महापुराण तीर्थंकर एवं रामकृष्ण का चरित (64 महापुरुषों की कथा), 2. जयकुमार चिरउ, 3. जसहर चिरउ 4. आदि पुराण 5. उत्तर पुराण

**105.** (B) भारत में आर्य भाषा का आरम्भ 1500 ई. पू. के लगभग हुआ। प्राचीन भारतीय आर्य भाषा का प्रयोग लगभग 1500 ई. पू. 500 ई. तक हुआ। इस भाषा के अंतर्गत वैदिक संस्कृत व लौकिक संस्कृत का विकास हुआ, मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषा 500 ई. पू. – 1000 ई. तक, इसके अंतर्गत पालि, प्राकृत, अपभ्रंश भाषा का विकास हुआ तथा आधुनिक भारतीय आर्य भाषा 1000 ई. – अब तक, इसके अन्तर्गत हिन्दी और हिन्दीतर भाषाओं का विकास हुआ।

**106.** (A) पालि प्राचीन उत्तर भारत के लोगों की भाषा थी जो पूर्व में बिहार से पश्चिम में हरियाणा-राजस्थान और उत्तर में नेपाल–उत्तर प्रदेश से दक्षिण में मध्य प्रदेश तक बोली जाती थी। भगवान बुद्ध भी इन्हीं प्रदेशों में विचरण करते हुए लोगों को धर्म समझाते रहे। आज इन्हीं प्रदेशों में हिन्दी बोली जाती है इसलिए पालि प्राचीन हिन्दी है।

**107.** (A) पूर्वी हिन्दी की तीन शाखाएँ मानी गई हैं– बघेली, छत्तीसगढ़ और अवधी। अवधी बोली अर्द्धमागधी प्राकृत की परम्परा में आती है। यह बोली मुख्यतः अवध में बोली जाती है। अवध में बोली जाने वाली बोलियों के दो भेद हैं–1. पूर्वी हिन्दी 2. पश्चिमी हिन्दी

**108.** (D) मागधी अपभ्रंश के मध्यवर्ती रूप से विकसित यह बोली हिन्दी और बांग्ला क्षेत्र की संधि मिथिला में बोली जाती है। दरभंगा, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया तथा मुंगेर आदि में इसका क्षेत्र है। लोक साहित्य की दृष्टि से मैथिली बहुत सम्पन्न है। साथ ही इसमें साहित्य रचना अत्यंत प्राचीन काल से होती चली आई है। हिन्दी साहित्य को विद्यापति जैसे रससिद्ध कवि देने का श्रेय मैथिली को ही है।

**109.** (B) पंजाबी भाषा पंजाब की आधुनिक भारतीय आर्यभाषा है। ध्वनि विकास की दृष्टि से पंजाबी अभी तक अपनी प्राकृत अवस्था में है। इसकी लिपि गुरुमुखी है।

**110.** (D) जयपुरी पूर्वी राजस्थान की उपभाषा है। इसका मुख्य केन्द्र जयपुर है, इसलिए इसे जयपुरिया भी कहा जाता है। यह शौरसेनी अपभ्रंश से विकसित हुई है।

**111.** (B) इलाहाबाद में बोली जाने वाली बोली अवधी है। यह भाषा विशेष रूप से मध्य काल में प्रचलन में थी। इसकी प्रथम कृति मुल्ला दाउद द्वारा 1370 में रचित चंदायन है। इसे लोहरका के नाम से भी जाना जाता है। इस रचना के बाद उत्तरोत्तर अवधी साहित्य का विकास हुआ।

1. **अवधी भाषा का प्रयोग क्षेत्र**– अयोध्या, लखनऊ, इलाहाबाद, रायबरेली, सीतापुर, फैजाबाद, गोंडा, प्रतापगढ़ इत्यादि।
2. **ब्रजभाषा का प्रयोग क्षेत्र**–मथुरा, आगरा, अलीगढ़, मैनपुरी, धौलपुरी इत्यादि।
3. **खड़ी बोली का प्रयोग क्षेत्र**–मेरठ, बिजनौर, रामपुर, मुरादाबाद, सहारनपुर, देहरादून, अम्बाला इत्यादि।
4. **भोजपुरी का प्रयोग क्षेत्र**–भोजपुर, बनारस, जौनपुर, मिर्जापुर, गाजीपुर, बलिया, गोरखपुर, देवरिया, बस्ती, आजमगढ़ इत्यादि।

**112.** (D) हिन्दी के अतिरिक्त नेपाली भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है। 'पंजाबी' पंजाब राज्य की भाषा है। 'बांग्ला' पश्चिम बंगाल राज्य की भाषा है। 'सिंधी' सिंधु क्षेत्र की भाषा है।

**113.** (B) मराठी और नेपाली भाषा शारदा लिपि में लिखी जाती है।

**114.** (A) भाषा में अभिव्यक्ति के तीन प्रकार हैं– लिखित, मौखिक, सांकेतिक।

**115.** (B) 'कृष्णायन' अवधी बोली में लिखी गयी कृति है।

**116.** (D) **पूर्वी हिन्दी**–अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी
**बिहारी हिन्दी**–मैथिली, मगही, भोजपुरी
**राजस्थानी**–मेवाती, मानवी, मारवाड़ी, जयपुरी
**पश्चिमी हिन्दी**–ब्रज, खड़ीबोली, कन्नौजी, हरियाणवी, बुंदेली

**117.** (B) 14 सितम्बर, 1949 को भारत के संविधान में हिन्दी को राजभाषा (official language) की मान्यता प्रदान की गई।

**118.** (D) बघेली पश्चिमी हिन्दी की बोली नहीं है बघेली बोली पूर्वी हिन्दी के अन्तर्गत आती है। इसका विकास अर्द्धभागधी अपभ्रंश से हुआ है।

**119.** (A) हिन्दी भाषा के विकास का सही अनुक्रम पालि, प्राकृत, अपभ्रंश तथा हिन्दी है। पालि का समय 500 ई.पू. से 1 ई. तक प्राकृत का समय 1 ई. से 500 ई. तक, अपभ्रंश का समय 500 ई. से 1000 ई. तक तथा हिन्दी का विकास 1000 ई. के आसपास हुआ माना जाता है।

**120.** (B) देवनागरी लिपि का विकास ब्राह्मी लिपि से हुआ है। वर्तमान में देवनागरी हिन्दी के अलावा संस्कृत, मराठी, कोंकणी और नेपाली भाषाओं की लिपि भी है।

**121.** (C) भारत में भाषायी आधार पर सर्वप्रथम आंध्र–प्रदेश का गठन 1 नवंबर, 1956 को किया गया था।

**122.** (C) असम की सरकारी कामकाज की भाषा (राजभाषा) असमिया और अंग्रेजी हैं, जबकि हिमाचल प्रदेश, झारखण्ड छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में हिन्दी कामकाजी भाषा है।

**123.** (B) भारतीय संविधान के भाग 17 के अनुच्छेद 343 (i) के अनुसार हिन्दी को राजभाषा घोषित किया गया है, परन्तु 15 वर्षों तक हिन्दी के साथ–साथ अंग्रेजी का प्रयोग करने का सुझाव दिया गया था।

**124.** (D) भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भारतीय भाषाओं का उल्लेख है प्रश्न के सन्दर्भ में सिंधी, कन्नड़, नेपाली आठवीं अनुसूची में शामिल हैं। तुलु का उल्लेख आठवीं अनुसूची में नहीं है।

**125.** (A) केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान, राजभाषा विभाग के अन्तर्गत कार्य करता है। उच्चतर शिक्षा–विभाग उच्च शिक्षा के लिए और विधायी विभाग विधि निर्माण के लिए कार्य करता है। साहित्य अकादमी साहित्य के क्षेत्र में कार्य करता है।

**126.** (D) संसदीय राजभाषा समिति की अध्यक्षता 'केन्द्रीय गृहमन्त्री' करते हैं।

**127.** (D) विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी को मनाया जाता है जबकि राष्ट्रीय हिन्दी दिवस 14 सितंबर को मनाया जाता है।

**128.** (D) गोवा का मुख्य राजभाषा (सरकारी कामकाज की भाषा) कोंकणी है।

**129.** (D) 92वें संविधान संशोधन 2003 के अन्तर्गत आठवीं अनुसूची में तमिल को शामिल किया गया था।
आठवीं अनुसूची में भारतीय भाषाओं को स्थान दिया गया है।

**130.** (B) पाँचवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन पोर्टऑफ स्पेन (त्रिनिदाद) में आयोजित हुआ था।
प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन 1975 में नागपुर में आयोजित हुआ था।
10 जनवरी को विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**131.** (A) छठा विश्व हिन्दी सम्मेलन
स्थान–लंदन (ब्रिटेन)
अवधि–14–18 सितम्बर, 1999
प्रतिभागी देश–21
प्रतिनिधियों की संख्या–700

**132.** (D) संविधान के भाग 17 के अनुच्छेद 343 में हिंदी को राजभाषा घोषित किया गया तथा अनुच्छेद 351 में हिंदी के विकास का दायित्व भारत सरकार पर प्रभारित किया है।

**133.** (D) प्रथम राजभाषा आयोग के अध्यक्ष बी. जी. खेर थे। भारतीय संविधान के भाग 17 में हिंदी को राजभाषा घोषित किया है। (अनुच्छेद 343(i)।

**134.** (C) पहला विश्व हिंदी सम्मेलन 10 जनवरी से 14 जनवरी तक 1975 में नागपुर में आयोजित हुआ था। राष्ट्रभाषा प्रचार समिति वर्धा के सहयोग से यह ऐतिहासिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ था।

**135.** (D) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 348 में उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों में प्रयुक्त भाषा का उल्लेख किया गया है।

**136.** (C) "वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग" केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के अधीन गठित है। इस आयोग का गठन 1961 ई. में हुआ था।

**137.** (B) भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में 22 भाषाओं को मान्यता दी गयी है। अतः विकल्प (B) सही है।

**138.** (B) संसदीय राजभाषा समिति की सिफारिशों पर भारत के राष्ट्रपति आदेश देते हैं। इसका गठन 1976 में किया गया था। राजभाषा के क्षेत्र में यह सर्वोच्च अधिकार प्राप्त समिति है।

**139.** (A) चौथा विश्व हिंदी सम्मेलन 1993 में 2 दिसम्बर से 4 दिसम्बर के दौरान मॉरीशस की राजधानी पोर्ट लुई में आयोजित किया गया

**140.** (D) केंद्र सरकारी कर्मचारियों के हिंदी प्रशिक्षण हेतु संचालित होने वाले पाठ्यक्रमों में 'निष्णात' शामिल नहीं है। अतः विकल्प (D) सही है।

**141.** (B) विश्व हिंदी सचिवालय का मुख्यालय मॉरीशस में है। यह 11 फरवरी 2008 से कार्यरत है।

**142.** (A) दूसरा विश्व हिंदी सम्मेलन पोर्ट लुई मॉरीशस में सम्पन्न हुआ था। अतः विकल्प (A) सही है।

**143.** (C) दूसरा विश्व हिंदी सम्मेलन मॉरिशस की राजधानी पोर्ट लुई में सन् 1976 में 28 अगस्त से 30 अगस्त तक चला था। विश्व हिंदी सम्मेलन हिंदी भाषा का सबसे बड़ा अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन है। इसमें विश्व भर से विद्वान, साहित्यकार भाषा विज्ञानी, विषय विशेषज्ञ तथा पत्रकार एकत्रित होते हैं।

**144.** (D) 'राजभाषा विभाग' भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन है। हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए गृह मंत्रालय ने एक स्वतंत्र विभाग के रूप में राजभाषा विभाग की स्थापना की।

**145.** (D) राष्ट्रीय अनुवाद मिशन 'मैसूर' में स्थित है। यह भारतीय भाषा संस्थान की नवीनतम शैक्षिक–सांस्कृतिक परियोजना है। श्री उदय नारायण सिंह इसके उपध्यक्ष हैं।

**146.** (C) भारत के प्रधानमंत्री केन्द्रीय हिंदी समिति की अध्यक्षता करते हैं। अतः विकल्प (C) सही है।

**147.** (B) केंद्रीय हिंदी निदेशालय का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है। यह भारत सरकार का एक विभाग है जो मानक हिंदी के प्रचार के लिए उत्तरदायी है।

**148.** (A) राजभाषा प्रगामी प्रयोग की समीक्षार्थ गठित संसदीय राजभााषा समिति की अध्यक्षता भारत के गृहमंत्री करते हैं। अतः विकल्प (A) सही है।

**149.** (B) केंद्र सरकारी कर्मचारियों के हिंदी प्रशिक्षण हेतु गठित केंद्रीय हिंदी संस्थान राजभाषा विभाग के तहत कार्यरत है। अतः विकल्प (B) सही है।

**150.** (C) अनुच्छेद 343 में उल्लेख मिलता है कि संविधान के लागू होने के पंद्रह वर्ष तक अंग्रेजी का प्रयोग जारी रहेगा।

**151.** (A) भारत में हिंदी राजभाषा के अन्तर्गत शामिल है। संविधान सभा ने 14 सितम्बर सन् 1949 को हिंदी को भारत की राजभाषा स्वीकार किया।

**152.** (A) ग्यारवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन मॉरिशस में 18 से 20 अगस्त के मध्य 2018 में हुआ था। अतः विकल्प (A) सही है।

**153.** (D) 'गारो' भाषा मेघालय राज्य में बोली जाती है। अन्य विकल्पों में दिए गए राज्यों में बोली जाने वाली भाषा निम्नवत् है—
मणिपुर – मणिपुरी
त्रिपुरा – बंगाली, हिंदी
सिक्किम – नेपाली, हिंदी

**154.** (C) राजभाषा सम्बन्धी प्रावधान भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343-351 में उल्लिखित है। अतः विकल्प (C) सही है।

**155.** (A) 'हाड़ौती' बोली राजस्थान में बोली जाती है। यह राजस्थान के पूर्वी क्षेत्र अर्थात् कोटा बूंदी तथा चित्तौड़ की मुख्य बोली है। राजस्थान में बोली जाने वाली अन्य बोलियाँ मारवाड़ी, मेवाती, मालवी और जयपुरी हैं।

**156.** (D) हिन्दी भारत की 'सम्पर्क भाषा' है। हिन्दी को भारत की राजभाषा के रूप में 14 सितम्बर 1949 ई. को स्वीकार किया गया था। ब्रजभाषा पश्चिमी हिन्दी उपभाषा के अन्तर्गत बोली जाने वाली प्रसिद्ध बोली है जिसका क्षेत्र पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों जैसे—आगरा, मथुरा, वृंदावन तथा राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों तक विस्तृत है।

**157.** (D) मथुरा, आगरा, धौलपुर, ग्वालियर आदि क्षेत्रों में 'ब्रजभाषा' बोली जाती है। शेष तीनों बोलियाँ इन क्षेत्रों की नहीं हैं। अवधी पूर्वी उत्तर प्रदेश की, बाँगरू हरियाणा की तथा खड़ी बोली पश्चिमी उत्तर प्रदेश की प्रमुख बोलियाँ हैं।

**158.** (B) 'राँघड़ी बोली' हरियाणा में बोली जाती है। यह मूलतः राजस्थान के मालवा के राजपूतों में मालवी एवं मारवाड़ी के मिश्रण से बनी है तथा राँघड़ी नाम से प्रसिद्ध है।

**159.** (B) बाँगरू बोली हरियाणा में बोली जाती है या यह कहें कि हरियाणवी का ही अन्य नाम बाँगरू है। मालवी, निमाड़ी, और बुन्देलखण्डी मध्य–प्रदेश की प्रमुख बोलियाँ है। बुन्देलखण्डी वहाँ की अधिकांश जनसंख्या द्वारा बोली जाती है।

**160.** (A) रोमन लिपि का प्रयोग कुल्लई भाषा के लिए नहीं होता है।

**161.** (C) कन्नौजी बोली मुख्यतः फरुखाबाद जिले में बोली जाती है। यह शौरसेनी अपभ्रंश से निकली है। फर्रुखाबाद के अलावा यह बोली, शाहजहाँपुर, हरदोई, इटावा, पीलीभीत आदि जिलों में बोली जाती है।

**162.** (D) भाषा के क्षेत्रीय रूप को 'बोली' कहा जाता है।

**163.** (A) अधिकांशतः 'बाँगरू' भाषा हरियाणा राज्य में बोली जाती है। यह शौरसेनी अपभ्रंश से विकसित पश्चिमी हिन्दी उपभाषा की बोली है जिसकी दो उपबोलियाँ 'जाटू' और 'चमरवा' प्रचलित हैं। हरियाणा के अतिरिक्त बांगरू पंजाब के दक्षिण पूर्व भाग में भी बोली जाती है।

**164.** (A) हिन्दी का मानक रूप खड़ी बोली से विकसित हुआ है। 'पूर्वी हिन्दी' के अन्तर्गत विकसित बोलियाँ अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी हैं।

**165.** (A) जनगणना 2001 के अनुसार भारत में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा 'बंगाली' है। संविधान के आठवीं अनुसूची में भारत में बोली जाने वाली 22 भाषाओं को मान्यता प्रदान की गयी है।

**166.** (C) ग्यारहवां विश्व हिन्दी सम्मेलन पोर्ट लुईस (मॉरीशस) में 18 से 20 अगस्त के मध्य 2018 में हुआ था।

**167.** (D) बारहवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन 15 से 17 फरवरी, 2023 में नाडी, फिजी के देनाराऊ द्वीप कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया था।

❑❑